सन्मार्ग
Live News & Epaper
http://www.live7tv.com

## बैरिया बाजार के समीप बाइक की ठोकर से बच्ची जख्मी, इलाज के दौरान मौत

**तुरकौलिया/पू.च/सं।** बैरिया बाजार के समीप गुरुवार को बाइक की ठोकर से जख्मी बच्ची की मौत इलाज के दौरान शहर के एक निजी अस्पताल में हो गयी। मृतक बच्ची शंकरसरैया फतेह टोला के दिलसेर आलम की सात वर्षीय पुत्री साजिया है। दिलसेर ने बताया कि गुरुवार की सुबह आठ बजे साजिया घर से बिस्कुट खरीदने गई थी। बिस्कुट खरीदकर सड़क पार करने के दौरान लापरवाह बाइक चालक ने उसे ठोकर मार दिया। जिससे उनकी बच्ची गंभीर रूप से जख्मी हो गई। ठोकर मारने वाला बाइक सवार अपनी अपाची बाइक छोड़कर फरार हो गया। मामले में थाना में आवेदन देकर बाइक सवार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया है।

## बैंक लूट कांड के आरोपी सहित दो गिरफ्तार

**चकिया/पू. च/सं।** गुप्त सुचना पर पुलिस ने बैंक लुटकांड के एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि पुलिसिया कार्रवाई में एक वारंटी को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।गिरफ्तार लुटकांड के अपराधी की पहचान थाना क्षेत्र के नगर परिषद वार्ड संख्या 7 रानीगंज मुहल्ला क निवासी कन्हैया कुमार पिता स्वण लक्ष्मी साह के रूप में हुई है। जबकि गिरफ्तार वारंटी थाना क्षेत्र के बलोचक कोंहिया गांव निवासी ध्रुव सहनी बताया गया है द्य इस सम्बन्ध में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 में कुंअवा गांव रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक में लूट कांड में उक्त गिरफ्तार अपराधी की संलिप्तता थी द्य पुलिस ने उसके मुजफ्फरपुर आवास से लूट की एक लैपटॉप बरामद किया था। उक्त अपराधी तब से फरार चल रहा था द्य पुलिस ने गुप्त सुचना पर शहर के प्रोफेसर कॉलोनी से उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार वारंटी के विरुद्ध न्यायालय से कुर्की का आदेश पारित हुआ थाए इसी बीच पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। छापामारी में गिरफ़्तारी में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार के अलावे पुलिस बल शामिल थे।

## रुद्र महायज्ञ सह मेला का सफलतापूर्वक हुआ समापन

**बनकटवा/पूण्च/सं।** बनकटवा व घोड़ासहन प्रखंडों को जोड़ने वाली अरुणा नदी के तट के बिजबनी.जगिरहा.घोड़ासहन छठ घाट पर आयोजित ग्यारह दिवसीय रुद्र महायज्ञ सह मेला का समापन शुक्रवार को श्रद्धा व भावपूर्वक हो गया। यज्ञ के अंतिम दिन श्रद्धालुओ ने हवन पूजन किया। मीडिया प्रभारी नीरज प्रभाकर ने बताया कि यज्ञ की सफलता को लेकर आयोजन समिति सदस्यों व सहयोगकर्ताओ व श्रद्धालुओ को व्यवस्थापको द्वारा आभार ब्यक्त किया गया। यज्ञ सह मेला के लिए प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी बनकटवा शिलानाथ झा ने बताया कि शुक्रवार तक ही यज्ञ सह मेला के लिए मजिस्ट्रेट व सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी थी।

## शराब तस्करी के आरोप में एक गिरफ्तार, नेपाली नंबर की टेंपो जब्त

**रक्सौल/पूण्च/सं।** हरैया थाना पुलिस ने नेपाल से होली के मद्देनजर हो रही शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नेपाली नंबर की टेंपो से 101 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब बरामद की। इस संबंध में थानाध्यक्ष अंजन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से टेंपो के जरिए भारी मात्रा में शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सीमा पर वाहनों की कड़ी जांच शुरू की। जांच के दौरान नेपाल से आ रही एक संदिग्ध टेंपो को रोका गयाए जहां तलाशी के दौरान 101 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब बरामद हुई। मौके से पुलिस ने तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान रक्सौल के तुमरियाटोला निवासी श्यामबाबू चौधरी के पुत्र पवन कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**पहाड़पुरपू/च/सं।** थाना क्षेत्र के मखनिया के समीप से गुरुवार को पुलिस गुप्त सूचना पर दो मोटरसाइकिल में विदेशी शराब छुपाकर ले जा रहे दो तस्करों को 20०8 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया हैं। थाना जितेंद्र कुमार ने बताया की गिरफ्तार तस्करों में हरसिद्धि थाना क्षेत्र के दूधही गांव निवासी राजेन्द्र सहनी का पुत्र रंजय कुमार व धनखरैया गांव निवासी ऋषिदेव सहनी का पुत्र राजाबाबू कुमार शामिल हैं। ये दोनों मोटरसाइकिल के सीट में व सीट के नीचे छुपाकर शराब ले जा रहे थे। जिन्हें दबोच लिया गया। छापेमारी टीम में दरोगा संतोष कुमार जायसवालए सिपाही मिथलेश कुमार सहित पुलिस बल व ग्रामीण पुलिस शामिल थे।

## पुराने प्रखंड कार्यालय के कमरे में लगी आग, कागजात जलकर नष्ट

**आदापुर/पू.च/सं।** प्रखंड कार्यालय के में आग लगने से आवश्यक कागजात व फर्नीचर जलकर नष्ट हो गया। बता दे कि पुराने भवन में 2019 तक कार्यालय के रूप में चलाए लेकिन 2020 में प्रखंड कार्यालय नये भवन में चला गया। पराने भवन में वर्षो से पड़े कागजात एक कमरे में थेए जो जलकर नष्ट हो गये।लोगों का कहना है कि आग लगने का कारण सन्देह पूर्ण हैए क्योंकि पुराने भवन से बिजली का कनेक्शन कट चुका हैएआग लगने के बाद जब हो.हल्ला हुआए तब सीओ अनामिका सिंहए प्रभारी सीओ विकास कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर फौरन अग्निशमन को फोन कर बुलाया गया। वहीं घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मी किये गये सम्मानित

**बनकटवाध्पू.च/सं।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सकएसीएचओएएनएमएआशा फैसलेटर तथा आशा कार्यकर्ता को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित सम्मान समारोह में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामनरेश प्रसाद की अध्यक्षता में जिला से आए परिवार नियोजन सलाहकार अमित कुमार एवं संजीव कुमार पांडेय की उपस्थिति में चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मियों को अंग वस्त्र तथा प्रशस्ति पत्र सहित मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वालों में चिकित्सा पदाधिकारी डॉण आशुतोष कुमारए डॉण शमशेर आलमए एकाउंटेंट पप्पू कुमारए बीसीएम चितरंजन कुमारए ब्लॉक एम एन ईण राजकपूरए डाटा ऑपरेटर अजय कुमारए वशी अहमदए सीएचओ शंकर लाल चौधरीए सीसीएच सविता कुमारीए रेणु कुमारीए कुमारी किरण राजए पूजा कुमारीए सबिता कुमारीए बबीता कुमारीए प्रिया कुमारीए आशा फैसलेटर सबिता सिंहएरानी देवीए रूबी देवीए शोभा देवीए जगरानी देवी आदि को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं बीएचएम पंकज कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## पुलिस ने बरामद की 560 लीटर अंग्रेजी शराब

**इसुआपुर/सं।** सारण पुलिस अधीक्षक और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार बुधवार की देर संध्या गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ मढ़ौरा-2 अमरनाथ, सर्किल इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में इसुआपुर पुलिस के द्वारा विभिन्न ब्रांडों के 560 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। उक्त शराब डटरा पुरसौली गांव के महेश सिंह के निमार्णाधीन ताला बंद मकान में रखा हुआ था। एसडीपीओ अमरनाथ ने बताया कि पुलिस सप्लाई साइड पर काम कर रही है। साथ ही कहा कि चारों थाना से डिमांड साइड पर भी काम हो रहा है। इस कांड में पांच लोगों की संलिप्तता बताई जा रही है। छापेमारी टीम में पुलिस बल के साथ एसडीपीओ मढ़ौरा-2 अमरनाथ, सर्किल इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष कमल राम, अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार, एसआई सुधांशु कुमार तथा एएसआई मुकेश कुमार सिंह थे ।

## एईएस और जेई के संभावित खतरों से निबटने की तैयारी शुरू

**मोतिहारी/सं।** स्वास्थ्य विभाग एईएस व जेई के संभावित खतरों से निपटने की तैयारियों में जुट गया है। इसी कड़ी में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉण शरत चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में चिकित्सा पदाधिकारियों एवं पारा मेडिकल कर्मियों का एईएसध्जेई यानी चमकी बुखार व मस्तिष्क ज्वर से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण ग्राम परिवहन योजना के लाभकों को मिलेगी अनुदान राशि

### चयनित 243 अभ्यर्थी से कागजात की मांग



**मोतिहारी/सं।** ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन के विकास एवं लोगो को परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना लागू की गयी है। इसके माध्यम से सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ना है। इस योजना के तहत 4 सीट से लेकर 10 सीट तक के नये सवारी वाहनों को योग्य माना गया है, जिसका परिचालन पंचायत से प्रखंड मुख्यालय तक किया जाना है। इस योजना के तहत 07 योग्य वाहनों के खरीद परए जिसमें 04 अनुसूचित जातिध्जनजाति एवं 03 अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लाभुकों होंगेए जिन्हें अनुदान दिया जाना प्रावधानित है। अनुदान की राशि वाहन खरीद मूल्य के 50 प्रतिशत तक की राशि अथवा अधिकतम 1०00 ;एकद्ध लाख रुपए है। उक्त योजना के के अंतर्गत लाभुकों को ई.रिक्शा के क्रय की स्थिति में खरीद मूल्य का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 70ए000सतर हजार के अनुदान का प्रावधान है। कोविड.19 के समय संक्रमित व्यक्तियों के ईलाज हेतु उन्हें स्वास्थ्य केन्द्रों तक समुचित परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उक्त योजना के अंतर्गत प्रति प्रखंड 02 लाभुकों को एम्बुलेंस के क्रय पर क्रय मूल्य का 50 प्रतिशत परन्तु अधिकतम 2दो लाख रूपए अनुदान भुगतान का प्रावधान है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के अंतर्गत शेष लक्ष्य की पूर्ति हेतु 11 वें चरण का क्रियान्वयन किया गया थाए जो प्रगति पर है। 11वें चरण के अंतर्गत दिनांक.15/10०/2024 तक आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि निर्धारित थी। उपरोक्त तिथि तक प्रखंडवार 697 आवेदन प्राप्त हुएए जिसमें अंतर्गत अनुमंडलीय समिति द्वारा 243 लाभुकों का चयन किया गया है। लिहाजा चयनित लाभार्थी चयन के अनुरूप वाहनों का शीघ्र ही क्रय करते हुए अनुदान की राशि हेतु संबंधित प्रखंड कार्यालय में वांछित कागजातों के साथ आवेदन दाखिल करें। ताकि अनुदान की राशि भुगतान करने की कार्रवाई की जा सके।

## एक ही रात चार जगहों पर चोरी

### एक बाइक व स्कार्पियो सहित दो घरों से लाखों रुपए मूल्य के सामान की चोरी

### पुलिस चोरी मामले के तहकीकात में जुटी

**तुरकौलिया/पू/च/सं।** थाना क्षेत्र के दो जगह से एक ही रात चोरों ने बाइक व स्कार्पियो सहित लाखों रुपए मूल्य के सामान की चोरी कर ली। जबकि तीन चोरी की घटना बेलवा राय खास गांव में गुरुवार की रात हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बेलवा खास गांव के बासुदेव साह के घर के सभी लोग रात में खाना खाकर सो गए थे। इसी दौरान चोर छत के रास्ते घर में घुस गए। कमरे में सोए सदस्यों के दरवाजे को बाहर से कुंडी लगा बंद कर दिया। तत्पश्चात घर में रखे कीमती समानो को चोर चुराकर फरार हो गए। बताते है कि गृह स्वामी किसी रिश्तेदार के यहां गए थे। सूचना पर सुबह आए तो उन्होंने पुलिस को खबर दी। वही उसी गांव के तशरीफ मियां के घर से चोरों ने उनकी बाइक को चुरा लिया। जबकि शंकर महतो के घर में चोर घुसेए लेकिन परिवार वाले के जग जाने से चोर घर से निकलकर भाग गए। इसके अतिरिक्त कवलपुर से एक स्कार्पियो की चोरी हुई है। मामले में स्कार्पियो चालक धीरेन्द्र महतो ने थाना में आवेदन दिया है। उसने कहा है कि वह बेतिया बानुछपरा के मोहम्मद नौशाद की स्कार्पियो गाड़ी चलाता है। रात में गाड़ी लेकर आया। पड़ोसी कुंदन सहनी के दरवाजे के समीप खड़ा कर घर में सोने चला गया। सुबह गाड़ी गायब थी। बेलवा राय खास गांव में जमादार कन्हैया लाल मामले की तहकीकात किए।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–ऑक्शन सूचना**
**सं. : ROMT-MFP-PNU-25**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, सोनपुर द्वारा दस (10) वर्षों की अवधि के लिए सोनपुर मण्डल के अंतर्गत मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशनों पर पे एंड यूज शौचालय हेतु अनुबंध के लिए ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:
**अनुबंध के प्रकार :** पे एंड यूज शौचालय **स्टेशन/ लोकेशन :** मुजफ्फरपुर प्लैटफार्म सं 02/03 एवं 04/05 पश्चिम छोर पर स्थित **लॉट सं.:**PnU-SEE-MFP-Toi-14-24-1. **अनुबंध अवधि:**10 वर्ष। **ई–नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय :** 11.03.2025, 11:00 बजे। **कैटलॉग सं. :** ROMT-MFP-PNU-25. **जमानत राशि (रू. में) :** कांट्रैक्ट की वार्षिक कीमत का 10%, **वेबसाईट पता :** www.ireps.gov.in
**नोट –** (1) ई–नीलामी IREPS (E-Auction leasing portal) पर निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाइन होगी (2) ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के इच्छुक बैंक द्वारा IREPS पोर्टल पर रु. 10000/- + GST (Non-refundable) ऑनलाइन जमा कर एक बार पंजीकरण कराना आवश्यक है एवं साथ ही उसके पास भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में चालू खाता हो जो IREPS से लिंक हो, जमानत राशि (EMD) का भुगतान/कटौती ऑनलाइन उसी खाते से होगी। (3) ई–नीलामी (E-Auction) से संबन्धित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction leasing section में उपलब्ध है। (4) ई–नीलामी में भाग लेने से पहले कृपया उस स्थान का सर्वे कर लें जिसके लिए आप ई–नीलामी में भाग लेना चाहते है।

मंडल रेल प्रबंधक(वाणिज्य)/
पूमरे/सोनपुर
पीआर/02210/एसईई/वा./एन/24–25/44

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं : सुबोध सिंह

**मोतिहारी/सं।** स्थानीय सर्किट हाउस के कॉफ्रेस हॉल जदयू के विधानसभा प्रभारी, प्रखंड प्रभारी एवं प्रखंड अध्यक्षों की एक बैठक जिलाध्यक्ष मंजू देवी की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने नवनियुक्त जिला जदयू के संगठन प्रभारी सुबोध कुमार सिंह को फूल माल, अंगवस्त्र ओढ़कर सम्मानित किया। नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी ने कहा कि पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक धारदार एवं मजबूत बनाने के लिए 15 मार्च तक प्रत्येक बूथ पर दस सदस्यीय बूथ कमेटी बनाकर प्रदेश कार्यालय में जमा कराना है। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला जदयू के प्रवक्ता जन्मेजय कुमार पटेल सरपंच, संजीव श्रीवास्तव, विधानसभा प्रभारी बृजेश कुशवाहा,प्रो.अरूण पटेल, रामेश्वर सहनी, संजीव कुमार पटेल, संतोष भास्कर, जदयू के वरिष्ठ नेता कविन्द्र कुशवाहा, दिनेश पासवान, इशरत जहां, कुणाल सिंह पटेल, अभिषेक प्रकाश रजक, महानगर अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, सुधाकर मिश्रा उर्फ चून्नु मिश्रा, जितेन्द्र कुमार सिंह उर्फ चून्नु बाबू, प्रभु पंडित, अरविंद कुमार तिवारी, प्रमोद पासवान, संजय किशोर तिवारी,नरेश कुशवाहा, राजेन्द्र पटेल, रमेश भाई पटेल, इश्हाक आजाद,उज्जवल पटेल, धीरज चन्द्रवंशी, अरविंद कुशवाहा, उमाकांत प्रसाद, केदार पटेल,ज्याऊल हक, सचिदानंद कुशवाहा, सुबोध पटेल, सुनील सिंह, सत्यनारायण कुशवाहा, बैधनाथ प्रसाद, शाहजाद आलम,जितेन्द्र कुमार साह, कश्यप कुशवाहा, नागेश्वर कुशवाहा,सतन ठाकुर इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## वनस्पति माई महोत्सव कार्यक्रम स्थल का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**सुगौली/पू.च/सं।** प्रखंड क्षेत्र के वनसप्ति माई स्थान महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। लिहाजा प्रशानिक स्तर पर अधिकारी कार्यक्रम स्थल वनस्पति स्थान का जायजा लिया। इस महोत्सव का आयोजन आगामी 6 मार्च को किया जाना है। शुक्रवार को वनस्पति स्थान महोत्सव आयोजन स्थल का एसडीएम स्वेता भारती, प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन किरणए अंचलाधिकारी कुंदन कुमार, जेएसएस प्रियरंजन, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सर्राफ, उप प्रमुख प्रतिनिधि शम्भू साह, मुखिया प्रतिनिधि अनिरुद्ध सिंह, प्रधान सहायक वकील कुमार, प्रकाश कुमार सहित गणमान्य लोगों ने जायजा लिया। तत्पश्चात बताया गया कि कार्यक्रम स्थल पर तैयारी को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में जिलाधिकारी देंगे व्याख्यान

### राष्ट्रपति से सम्मानित हो चुके हैं डीएम सौरभ जोरवाल



**मोतिहारी/सं।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा नई दिल्ली में दिनांक 04 एवं 05० मार्च को देश के सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के सम्मेलन आयोजित किया गया हैए जिसमें जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी को व्याख्यान एवं निर्वाचन संबंधी नवाचार को साझा करने के लिए नामित किया गया है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में सर्वश्रेष्ठ चुनाव प्रबंधन के मामले में राष्ट्रपति से सम्मानित होने के बाद उनके द्वारा लोक सभा चुनाव में किए गए नवाचारए आईटी प्रयोग एवं वित्तीय अनुशासन का पालन करने हेतु अनुभव साझा करने के लिए भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में देश के सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के सम्मेलन में नामित किया गया है। मुख्य सचिव बिहार के अनुमोदन के पश्चात सौरभ जोरवाल को भाग लेने हेतु पत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार द्वारा जारी किया गया है। पूर्वी चंपारण जिला के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा इस पर हर्ष प्रकट किया गया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–ऑक्शन सूचना**
**सं. : SEE-DIV-PNU-25**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, सोनपुर द्वारा तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए सोनपुर मण्डल के अंतर्गत निम्नलिखित स्टेशनों पर पे एंड यूज शौचालय एवं स्नानागार हेतु अनुबंध के लिए ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:
**अनुबंध के प्रकार :** पे एंड यूज शौचालय **स्टेशन/ लोकेशन :** मानसी प्लैटफार्म सं 02/03 के दोनों छोर पर स्थित **लॉट सं.:**PnU-SEE-MNE-Toi-14-24-1. **अनुंध अवधि :** 03 वर्ष। **अनुबंध के प्रकार :** पे एंड यूज शौचालय एवं स्नानागार। **स्टेशन/ लोकेशन :** बरौनी द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय, प्लैटफार्म सं. 02/03 पूर्वी एवं पश्चिमी छोड़। **लॉट सं. :** PnU-SEE-BJU-Toi-65-25-1. **अनुंध अवधि :** 10 वर्ष। **अनुबंध के प्रकार :** पे एंड यूज शौचालय। **स्टेशन/ लोकेशन :** बरौनी पीफ नं. 05 एवं 06, **लॉट सं. :** PnU-SEE-BJU-Toi-43-24-1. **अनुबंध अवधि :** 03 वर्ष।
**ई–नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:**05.03.2025, 11:00 बजे। **कैटलॉग सं. :** SEE-DIV-PNU-25. जमानत राशि (रू. में) : कांट्रैक्ट की वार्षिक कीमत का 10%, **वेबसाईट पता :** www.ireps.gov.in
**नोट –** (1) ई–नीलामी IREPS (E-Auction leasing portal) पर निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाइन होगी (2) ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के इच्छुक बैंक द्वारा IREPS पोर्टल पर रु. 10000/- + GST (Non-refundable) ऑनलाइन जमा कर एक बार पंजीकरण कराना आवश्यक है एवं साथ ही उसके पास भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में चालू खाता हो जो IREPS से लिंक हो, जमानत राशि (EMD) का भुगतान/कटौती ऑनलाइन उसी खाते से होगी। (3) ई–नीलामी (E-Auction) से संबन्धित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction leasing section में उपलब्ध है। (4) ई–नीलामी में भाग लेने से पहले कृपया उस स्थान कर सर्वे का लें जिसके लिए आप ई–नीलामी में भाग लेना चाहते है।

मंडल रेल प्रबंधक(वाणिज्य)/
पूमरे/सोनपुर
पीआर/02209/एसईई/वा./एन/24–25/56

## ऐतिहासिक जसौली पट्टी गांव में 9 मार्च से तीन दिवसीय सत्याग्रह महोत्सव

**मोतिहारी/सं।** गांधीग्राम जसौली पट्टी में होने वाले चंपारण सत्याग्रह महोत्सव की तैयारी से संबंधित एक बैठक गुरुवार को राधाकृष्णन भवन में अनुमंडल पदाधिकारीए सदर श्वेता भारती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि सांसद राधामोहन सिंह एवं कल्याणपुर विधायक मनोज कुमार यादव के साथ विचारोपरांत आगामी 9, 10 एवं 11 मार्च 2025 को चम्पारण सत्याग्रह महोत्सव के आयोजन पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि महोत्सव में जन भागीदारी एवं जन उपयोगी कार्यक्रमो को प्राथमिकता दी जाएगी, जिसके लिए 13 विभागों के स्टॉल लगाए जाऐंगे। उन्होंने कहा इस त्रिदिवसीय आयोजन में गांधी जी की जसौलीपट्टी यात्रा, चंपारण का किसान आंदोलन पर सेमिनारए डॉक्यूमेंट्रीए कवि सम्मेलन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति होगी। इस अवसर पर रंगोलीए पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता, प्रभात फेरी में विद्यालय के बच्चों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह कहा कि महोत्सव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो और लोगों को लाभ मिलेए इसके लिए विभागीय अधिकारियों को जबाबदेही सौंपी जाये।

## छपरा जेल में बंद कैदियों को खिलायी गयी फाइलेरिया से बचाव की दवा

**छपरा/सं।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सर्वजन दवा सेवन अभियान संचालित किया जा रहा है। 10 फरवरी से अभियान की शुरूआत की गयी है। छपरा जेल में बंद कैदियों को भी फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलायी गयी। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गठित टीम ने तय मानक के अनुसार कैदियों को दवा खिलायी। साथ हीं जेल के पदाधिकारियों और कर्मियों को भी दवा का सेवन कराया गया। जानकारी के अनुसार छपरा जेल में करीब 1681 कैदी बंद है। जिसमे पुरुष कैदी 1609 महिला कैदी 72 है।

# ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में कोलकाता की टीम ने बाजी मार फाइनल में पहुंचीं

### आज नेपाल की टीम से कोलकाता का होगा दिलचस्प फाइनल मुकाबला



**चकिया/पू.च/सं।** महात्मा गांधी ऑल इंडिया फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को कोलकता व जमशेदपुर के बीच खेला जाएगा। टूनार्मेंट के अंतिम सेमीफाइनल मैच में कोलकता की टीम ने 3 . 1 से नेपाल की टीम को हराकर टूनार्मेंट के फाइनल मैच के लिए सीट सुरक्षित कर लिया। वहीं पहला सेमीफाइनल मैच में जमशेदपुर रेलवे की टीम ने 2 . 1 से उत्तराखंड की टीम को हराकर पहले ही फाइनल मैच के लिए अपनी सीट सुरक्षित कर ली है। वही अंतिम सेमीफाइनल मैच में खेल के पहले हाफ में कोलकाता के जर्सी नम्बर 10 के खिलाड़ी मोण यादव ने खेल के चौथे मिनट में गोल दागकर अपनी टीम का हौसला बढ़ा दिया। शुरूआती खेल में कोलकता के खिलाड़ी जर्सी नम्बर 19 प्रतीक घोष ने खेल के 13 वें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को 2 . 1 से बढ़त दिला कर अपनी टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। खेल के दूसरे हाफ में कोलकाता के खिलाड़ियों का जुनून इस कदर था कि खेल के 49 वें मिनट पर जर्सी नम्बर 6 मार्गो जकता ने गोल दाग कर अपनी टीम को 3.1 से बढ़त दिलाते हुए मजबूत स्थिति में ला दिया।

## डीएम ने लोक शिकायत के 13 मामलों की सुनवाई करते हुए समाधान किया गया



**छपरा/सं।** डीएम अमन समीर के कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई और शिकायत का निवारण किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा लोक शिकायत के कुल 13 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 10 मामले में अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष 03 मामले में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

## पुलिस की छापेमारी में 15 शराबी सहित 6 गिरफ्तार

**हरसिद्धि/पूण्च/सं।** थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर अलग.अलग जगहों पर छापेमारी कर 15 शराबी सहित 6 वारंटी गिरफ्तार को किया। थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी वारंटी पूर्व के मामलों में फरार थे। गिरफ्तार शराबियों में यादवपुर पंचायत के विजय कुमार के पुत्र सुनील कुमारए तुरकौलिया थाना क्षेत्र के सपही गांव निवासी लक्ष्मी साह के पुत्र सुखाडी साहए हरसिद्धि पकड़िया निवासी साहू मियां के पुत्र मोहम्मद अजीज अंसारीए सुगौली थाना क्षेत्र के श्यामपुर बरवा निवासी बलराम मांझी के पुत्र राजेश मांझीए पहाड़पुर थाना क्षेत्र के सोहरैया निवासी बीगु राम के पुत्र शंभू राम और सिसवा निवासी हैदतुल्लाह मियां के पुत्र आफताब आलम शामिल हैं।

**जना स्मॉल फाइनैंस बैंक**
(एक अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालयः दि फेयरवे, भूतल एवं पहली मंजिल, सर्वे नं.- 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलुर, कोरामंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के नजदीक, छल्लाघाटा, बंगलोर-560071. शाखा कार्यालयः पहली मंजिल, हरिहर चेम्बर, बोरिंग रोड, पटना, बिहार

**ई-नीलामी सूचना**

**प्रतिभूतिकरण तथा वित्तीय सम्पत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002, के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के प्रावधानों के अधीन ई-नीलामी के जरिए बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

**जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति का कब्ज़ा ले लिया है। विशेष रूप से कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक के बकाया की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित खाते में बंधक संपत्ति की **ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) 'जहां है जैसा है' और 'जो है जैसा है जैसा है'** के आधार पर नीचे निर्धारित तिथि पर आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | मूल कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटीदाता/गारंटर का नाम | 13-2 सूचना की तारीख | कब्जा की तारीख | 26.02.2025 को वर्तमान बकाया शेष रकम | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | आरक्षित मूल्य रु. में | बयाना राशि जमा (ईएमडी) रु. में | ई-नीलामी की तारीख एवं समय | बोली जमा की अंतिम तारीख, समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 45079440000031 | 1) कंचन कुमारी 2) प्रभात कुमार रंजन 3) मधु देवी | 08.10.2021 | 19.10.2024 | रु. 21,02,631.40 (रुपये इक्कीस लाख दो हजार छह सौ इकतीस एवं पैसे चालीस मात्र) | 13.03.2025 को सुबह 09.30 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक | रु. 13,82,000/- (रुपये तेरह लाख बयासी हजार मात्र) | रु. 1,38,200/- (रुपये एक लाख अड़तीस हजार दो सौ मात्र) | 19.03.2025 समयः पूर्वाह्न 11.30 बजे | 18.03.2025 को अपराह्न 5.00 बजे से पहले जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लि. शाखा कार्यालयः पहली मंजिल, हरिहर चेम्बर, बोरिंग रोड, पटना, बिहार |
| | प्रत्याभूत सम्पत्ति का विवरणः मौजा शेरपुर, थाना मनेर, अंचल मनेर, डाकघर शेरपुर, एसआरओ दानापुर, आरओ बांकीपुर, पटना, जिला पटना में थाना सं. 93, तौजी सं. 2887, खाता सं. 373 एवं 412, प्लॉट/खसरा सं. 1305 एवं 1304, जमाबंदी सं. 41 में स्थित 10 धूर, 15:34 धुरकी क्षेत्रफल की अचल सम्पत्ति का सम्पूर्ण एवं सर्वांगीण हिस्सा। | | | | | | | | | |
| 2 | 45059440000652 | 1) मो. शाहनवाज आलम, पुत्र इरहाद आलम 2) श्रीमती नूरजहाँ खातून, पत्नी इरहाद आलम | 14.09.2023 | 27.08.2024 | रु. 13,44,003.00 (रुपये तेरह लाख चौवालीस हजार तीन मात्र) | 21.03.2025 को सुबह 09.30 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक | रु. 18,81,000/- (रुपये अठारह लाख इक्यासी हजार मात्र) | रु. 1,88,100/- (रुपये एक लाख अठासी हजार एक सौ मात्र) | 04.04.2025 समयः पूर्वाह्न 11.30 बजे | 03.04.2025 को अपराह्न 5.00 बजे से पहले जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लि. शाखा कार्यालयः पहली मंजिल, हरिहर चेम्बर, बोरिंग रोड, पटना, बिहार |
| | प्रत्याभूत सम्पत्ति का विवरणः थाना सं. 50, खाता सं. 51, खसरा सं. 460, जिला मुजफ्फरपुर, बिहार में 9.5 डिसमिल क्षेत्रफल भूमि का सम्पूर्ण एवं सर्वांगीण हिस्सा। ऊपर उल्लेखित भू सम्पत्ति का घेरा एवं चौहद्दी निम्नानुसार हैः पूर्वः मो. नसरुल्लाह, पश्चिमः निज लेखाकारी का मकान, उत्तरः सीमेंट की ग्रामीण सड़क, दक्षिणः मो. जिलानी। | | | | | | | | | |

सम्पत्ति **"जैसे है जहां है के आधार पर"** तथा **"जैसे जो है के आधार पर"** बिक्री की जाएगी एवं नीलामी **ऑनलाइन** संचालित की जाएगी। नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **मैसर्स सी4 क्लोजर** के वेब पोर्टल **https://bankauctions.in** एवं **www.foreclosureindia.com** के जरिए संचालित की जाएगी। अधिक जानकारी एवं विवरण, सहायता, पद्धति एवं ई-नीलामी पर ऑन प्रशिक्षण के लिए प्रत्याशित बोलीदाता **मैसर्स सी4 क्लोजर, श्री बापी प्रधान से सम्पर्क नं. 814200030. ईमेल आईडीः info@bankauctions.in/ pradhan@bankauctions.in पर सम्पर्क करें।**
ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नियम एवं शर्तों पर और अधिक विवरण तथा सम्पत्ति के संबंध में किसी भी प्रश्न के लिए कृपया **जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकृत अधिकारी श्री आशुतोष गौतम (मोबाइल नं. 7992486673, श्री रंजन नाइक (मोबाइल नं. 6362951653) से सम्पर्क करें।** अधिकृत अधिकारी के सर्वोच्च ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार सम्पत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है। हालांकि इच्छुक बोलीदाता को बोली जमा करने से पहले नीलामी पर रखी जाने वाली सम्पत्ति के ऋणभार, सम्पत्ति के स्वत्वाधिकार के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए। सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। यह ऊपर उल्लेखित कर्जदारों/गारंटीदाता/गिरवीदाता के लिए गिरवी पर रखी सम्पत्ति के बारे ई-नीलामी के संबंध में सूचना भी है। कर्जदारों/गारंटीदाता/गिरवीदाता को एतद्द्वारा नीलामी की तारीख से पहले ऊपर उल्लेखित रकम के साथ अद्यतन ब्याज तथा अनुषांगिक व्यय चुकता करने को कहा जाता है, अन्यथा सम्पत्ति की बिक्री कर दी जाएगी एवं शेष रकम यदि कोई हो उनसे ब्याज के साथ वसूल की जाएगी।

तारीखः 01.03.2025, स्थानः पटना — हस्ता/- अधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड